जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 125 प्रभात जालोर, सोमवार 11 अगस्त, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में बहुप्रतीक्षित येलो मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया

### प्रधानमंत्री ने बेलगाम-बेंगलुरु, कटरा-अमृतसर व नागपुर-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस भी शुरु कीं

■ प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता मेक इन इण्डिया की नींव पर आधारित हमारी तकनीक व रक्षा क्षमताओं की मजबूती का प्रमाण है। इसमें बेंगलुरु के युवाओं व कर्नाटक के औद्योगिक तंत्र की अहम भूमिका रही है।

बेंगलुरु, 10 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में आरवी रोड को बोम्मासंद्रा से जोड़ने वाली नम्मा मेट्रो की बहुप्रतीक्षित येलो लाइन का उद्घाटन किया और विस्तारित बेंगलुरु-बेलगावी सेवा सहित, तीन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी कॉरिडोर पर आठ लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार की गई नयी मेट्रो लाइन का उद्देश्य सड़क के भीड़भाड़ को कम करना है, विशेष कर अति व्यस्त सिल्क बोर्ड जंक्शन पर। हालांकि शुरुआत में सीमित परिचालन क्षमता के कारण इसे आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, क्योंकि केवल तीन ट्रेनें उपलब्ध थीं और सेवाओं के बीच 25 मिनट का अंतराल था। यात्रियों ने निराशा व्यक्त की थी और अपर्याप्त आवृत्ति के कारण उद्घाटन को केवल प्रतीकात्मक बताया।

आज रागीगुड्डा मेट्रो स्टेशन पर कांग्रेस समर्थकों ने उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि मेट्रो परियोजना राज्य और केन्द्र सरकारों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है न कि किसी एक राजनीतिक दल की संपत्ति। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने भाजपा के राज्य इकाई प्रमुख विजयेंद्र येदियुरप्पा और बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या सहित भाजपा नेताओं पर इस परियोजना को पूरी तरह से केंद्र सरकार की परियोजना के रूप में वर्णित करने का आरोप लगाया। इस बीच कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि राज्य ने भूमि अधिग्रहण लागत सहित 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है और भाजपा पर इसका श्रेय हड़पने का आरोप लगाया।

मेट्रो उद्घाटन के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तारित बेलगावी-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो सप्ताह में छह दिन चलेगी। इसके अतिरिक्त दो अन्य वंदे भारत रेलगाड़ियां, माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर और नागपुर (अजनी)-पुणे भी शुरू हुई।

मोदी ने उद्घाटन और तीसरे चरण के शिलान्यास के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा रक्षा निर्माण और प्रौद्योगिकी में कर्नाटक के युवाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कर्नाटक के प्रतिभाशाली लोगों से तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का नेतृत्व करने का आव्हान करते हुए कहा "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता मेक इन इंडिया की नींव पर आधारित हमारी तकनीक और रक्षा क्षमताओं की मजबूती का प्रमाण है। इस उपलब्धि में बेंगलुरु के युवाओं और कर्नाटक के औद्योगिक तंत्र की अहम भूमिका रही है।"

मोदी ने देश की प्रभावशाली आर्थिक विकास दर का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में, भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच में पहुँच गया है और तेज़ी से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने रेलवे विद्युतीकरण, हवाईअड्डा अवसंरचना और राष्ट्रीय जलमार्गों के विस्तार में भारत की उपलब्धियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

प्रधानमंत्री ने यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान में भारत की अग्रणी भूमिका का उल्लेख किया जो विश्व के 50 प्रतिशत से अधिक वास्तविक समय( रीयल-टाइम )लेनदेन को संभालता है। भारत एआई-संचालित ख़तरे का पता लगाने जैसी उभरती तकनीकों में भी निवेश कर रहा है और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वोट चोरी पर विपक्ष के सांसद चुनाव आयोग तक मार्च करेंगे

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे।

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी

■ यह मार्च संसद से शुरु होगा।

का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान से ऊपर पहुँची

फर्रुखाबाद, 10 अगस्त। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में पिछले 20 घंटे से गंगा नदी केखतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ऊपर बहना शुरू होते ही 42 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

बदायूं- फर्रुखाबाद सड़क मार्ग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उपराष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष का साझा उम्मीदवार उतारना चाहती है कांग्रेस

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने के लिये सहयोगी दलों से संपर्क में हैं

■ विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया गठबंधन को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिये।

नई दिल्ली, 10 अगस्त। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विपक्षी गठबंधन का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का नाम तलाशने और आम सहमति बनाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों से संपर्क कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया का मानना है कि वे चुनाव में अपने दमदार प्रदर्शन के जरिये सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

उपराष्ट्रपति का चुनाव नौ सितंबर को होना है। चुनाव को लेकर सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने पर चर्चा शुरू कर दी है। संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श के लिए इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच बातचीत चल रही है, जबकि खरगे आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पार्टियों के बीच आम सहमति है कि इंडिया गठबंधन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करे। विपक्षी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आनंद शर्मा ने कांग्रेस विदेश विभाग का अध्यक्ष पद छोड़ा

■ विभाग के पुनर्गठन की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने इस्तीफा दिया।

नई दिल्ली, 10 अगस्त। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने रविवार को पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह इस्तीफा इसलिए दिया है, ताकि पार्टी के पुनर्गठन में मदद मिल सके और युवा नेताओं को इसमें शामिल किया जा सके। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने लगभग एक दशक तक विभाग का नेतृत्व किया।

अपने इस्तीफे में आनंद शर्मा ने लिखा, जैसा कि मैंने पहले कांग्रेस पार्टी और पार्टी के अध्यक्ष दोनों को बताया है, मेरे विचार में समिति का पुनर्गठन होना चाहिए, ताकि इसमें क्षमता और संभावनाओं वाले युवा नेताओं को शामिल किया जा सके। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आगे लिखा, मैं डीएफए (विदेश मामलों के विभाग) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं, ताकि इसका पुनर्गठन हो सके।

अपने पत्र में शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में डीएफए ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

